Red Wings

Page No. ___ Date ___/___/20___

## शब्दार्थ पाठ - 1 मन के भोले भाले बादल

शब्द → अर्थ

1. झबबर बाल → घुँघराले बाल
2. मतवाले → मस्ती में झूमने वाले
3. बादल → मेघ
4. शैतान → बदमाश
5. ज़िद्दी → हठ करने वाले
6. तोंद → मोटा पेट
7. कूबड़ → ऊँट की उठी हुई पीठ।

13 अप्रैल 2021 मंगलवार

Red Wings Page No. Date / /20

हिन्दी रिमझिम

पाठ - 1 मन के भोले - भाले बादल

प्रश्न 1 तूफ़ान क्या होता है ? बादलों को तूफ़ानी क्यों कहा गया है ?

उत्तर : तूफ़ान तेज़ हवा होती है। बादलों को तूफ़ानी इसलिए कहा गया है क्योंकि कभी - कभी वे तेज़ हवा के साथ मूसलाधार वर्षा बरसाते हैं।

प्रश्न 2 साल के किन - किन महीनों में ज़्यादा बादल छाते हैं ?

उत्तर साल के जुलाई और अगस्त महीनों में ज़्यादा बादल छाते हैं।

प्रश्न 3 कविता में काले बादलों की बात की गई है। क्या बादल सचमुच काले होते हैं ?

उत्तर सभी बादल काले नहीं होते। कुछ सफेद भी होते हैं।

प्रश्न 4 कक्षा में बातचीत करो और बताओ कि बादल किन - किन रंगों के होते है।

उत्तर बादल सफेद, काले, भूरे आसमानी और बरसात के बाद तो गुलाबी, नारंगी रंग के भी दिखाई देते है।

Red Wings
Page No. ___ Date __/__/20__

तुम्हारी समझ से →

प्रश्न 5. बादल नदी-नालों में बाढ़ कैसे लाते हैं?
उत्तर बादल अत्यधिक वर्षा बरसाकर नदी नालों में बाढ़ लाते होंगे।

प्रश्न 6 बादल ढोल कैसे बजाते होंगे?
उत्तर बादल आपस में टकराकर गर्जना करते हैं। उनकी यह गर्जना सुनकर ऐसा लगता है जैसे वे ढोल बजा रहे हैं।

प्रश्न 7 बादल कैसी शैतानियाँ करते होंगे?
उत्तर कभी तेज़ हवा के साथ पानी बरसा कर, कभी दिन रात मूसलाधार पानी बरसाकर, कभी बड़े-बड़े बादलों में आगे-पीछे घूमकर शैतानियाँ करते होंगे।


## कैसा-कौन

| | कैसा | कौन |
|---|---|---|
| सूरज-सी | चमकीली | थाली |
| चंदा -सा | गोरा | चेहरा |
| हाथी-सा | भारी-भरकम | व्यक्ति |
| जोकर-सा | मजेदार | आदमी |
| परियों-सा | प्यारा/प्यारे | पँख |
| गुब्बारे-सा | फूला | मुँह |
| ढोलक-सा | मोटा | पेट |

## कैसे-कैसे बादल

(क) तरह-तरह के बादलों के चित्र बनाओ।


**काले-काले डरावने**



**गुब्बारे-से गालों**



**हल्के-फुल्के सुहाने**



(ख) कविता में बादलों को 'भोला' कहा गया है। इसके अलावा बादलों के लिए और कौन-कौन से शब्दों का इस्तेमाल किया गया है? नीचे लिखे अधूरे शब्दों को पूरा करो।

म तवाले ........ ज़ि द्दी ........

शै तान ........ तू फ़ानी ........

## बारिश की आवाज़ें

कुछ अपने थैलों से चुपके
झर-झर-झर बरसाते पानी

पानी के बरसने की आवाज़ है झर-झर-झर!

पानी बरसने की कुछ और आवाज़ें लिखो।

टप - टप - टप ........ छप - छप - छप ........

टिप - टिप - टिप ........ टिप - टिप ........

रिमझिम ........ रिमझिम ........